तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 मानस गान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष, ...





14 एनडीआरएफ की टीम ने किया सेजेस में राहत और ...




## खबर संक्षेप

### च्वाइस सेंटर संचालक से 20 हजार की ठगी



**महासमुंद।** जिले के सरायपाली में एक च्वाइस सेंटर संचालक ने एक लड़की ने फोन पे के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवाने के बात कहकर 20 हजार रुपए नगद की ठगी कर ली। मामले में प्रार्थी ने सरायपाली थाने में अज्ञात लड़की के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी प्रकाश नायक पिता भोगीराम नायक अपनी शिकायत में बताया कि वह श्री सांई कंप्यूटर का प्रोपराईटर है और च्वाइस सेंटर का संचालन भी करता है। 7 अप्रैल को एक अज्ञात लड़की लगभग 11:54 बजे आई और बोली कि मुझे रुपये की आवश्यकता है, फोन पे नहीं चलाती हूं। मैं अपने रिश्तेदार से 20000 रुपए मांग कर आपके फोन पे पर डलवा देती हूं, आप मुझे नगदी रकम दे देगें। अज्ञात लड़की के कहने पर च्वाइस सेंटर संचालक ने उसे अपना फोन पे नंबर दिया। लगभग दो घंटे बाद मोबाईल नंबर के धारक भरत भूषण पटेल ने प्रार्थी मोबाईल नंबर में फोन कर कहा कि अज्ञात लड़की मोबाईल नं के धारक द्वारा खाता में 20000 रुपए ट्रांजेक्शन करने के लिये कहे जाने पर ट्रांजेक्शन करना बताया, लेकिन वह रकम होल्ड हो गया। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात लड़की द्वारा मेरे साथ 20000 रुपये ठगी की गई है । मामले में सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## आगमन : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खल्लारी में कंवर-पैंकरा समाज की महासभा में हुए शामिल

# सीएम ने विकास कार्यों की दी जानकारी 55 लाख के विकास कार्यों की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के खल्लारी ग्राम में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री साय ने गुरुवार को पहले माता के दर्शन किए। जिसके बाद आदिवासी कंवर-पैंकरा समाज महासभा एवं वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। समाजजनों ने इस दौरान मुख्यमंत्री का पारंपरिक रीति-रिवाजों से सम्मानित करते हुए स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर महासभा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खल्लारी माई, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राम जानकी भगवान एवं कंवर समाज की जयघोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने माता खल्लारी और राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि आज मैं उस धरती को नमन करता हूं, जहां तीन शहीदों और वीरांगना का जन्म हुआ। मैं आप सभी का आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने बताया कि 15 महीने की सरकार में अनेक विकास कार्य किए गए हैं। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 14 लाख आवास पूरे हो चुके हैं। प्रधानमंत्री द्वारा एक ही दिन में 3 लाख आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। राज्य सरकार की धान खरीदी को। लेकर उन्होंने बताया कि 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई और बोनस के बाद 12 हजार करोड़ रुपये की अंतर राशि दी गई। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है और जिनका नाम छूट गया है, उन्हें भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए योजनाओं, रामलला दर्शन योजना, और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को हमारी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि आवास पल्स सर्वे एप के माध्यम से शुरू किया गया है, जिससे जिनके पास घर नहीं हैं, वे भी सर्वे करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ बनाना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समाज से है। मोदी जी जनजातियों के कल्याण को लेकर गंभीर हैं। आदिवासी विकास के लिए अलग मंत्रालय और जनमन योजना लागू की गई है। धरती आबा ग्राम योजना से विकास को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि तीन-तीन प्राधिकरणों का गठन किया गया है, जिससे स्थानीय विकास को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति की जानकारी भी दी और बताया कि इसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर युवा अपने समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शहीद परिवारों का सम्मान कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### 55 लाख के विकास कार्यों की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने अपने घोषणा में राम जानकी मंदिर परिसर में शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये, कंवर समाज के छात्रावास हेतु 25 लाख रुपये, सर्व-सुविधायुक्त शौचालय निर्माण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में सांसद रूप कुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू, कंवर पैकरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरबंश मिरी, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, जिला पंचायत सदस्य करण सिंह दीवान, देवकी दीवान, मान सिंह दीवान, थान सिंह दीवान, सरपंच पुष्पेंद्र साहू, समाज के प्रमुख पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

### खल्लारी पहुंचे सीएम, जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर, एसपी ने किया स्वागत



ग्राम खल्लारी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हैलीपेड पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, अध्यक्ष कंवर पैंकरा समाज हरिवंश मिरी, अध्यक्ष कंवर पैंकरा खल्लारी महासभा मान सिंग दीवान एवं कंवर, पैंकरा समाज के प्रतिनिधि व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। साथ ही कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने भी पुष्पगुच्छ भेंट किया।

### खल्लारी मंदिर के विकास के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन ज्ञापन



खल्लारी में पहली बार आए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलिपेड से सीधे खल्लारी माता मंदिर पहुँचे। मां खल्लारी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इनके साथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद त्रिवेदी एवं उपाध्यक्ष डेमनराज पनुरिया, संरक्षक थान सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, सचिव तोषराम साहू एवं सदस्य सोनू चंद्राकर, सुलभ दीप सिंह, ओम प्रकाश साहू, उपस्थित रहे। ट्रस्ट कमेटी द्वारा मां खल्लारी की छायाचित्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मंदिर के विकास के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

# संचालनालय के आदेश के विपरीत कृषि उपकरण खरीदी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पूर्व संसदीय सचिव ने मांगी कार्रवाई, 450 बैटरी कम हैंड ऑपरेटेड स्पेयर की खरीदी



कृषि विभाग के काले कारनामों की दास्तान परत-दर-परत खुलने लगी है। उपसंचालक कृषि द्वारा जैविक खेती योजना अंतर्गत ग्रामों में संचालनालय के दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर करोड़ों की आर्थिक अनियमितता की गई है। उक्त अनियमितता की जांच के लिए पूर्व संसदीय सचिव ने 7 अप्रेल 2025 को पुनः एक बार प्रमुख सचिव छग शासन एवं कृषि उत्पादन आयुक्त को पत्र प्रेषित कर भ्रष्ट अफसर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

चंद्राकर ने कहा है कि लंबे समय से पदस्थ उप संचालक कृषि के आर्थिक अनियमितताओं की शिकायत लगातार कृषकों द्वारा की जा रही है। वर्तमान में बागबाहरा विखं अंतर्गत अनेक ग्रामों में जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने की योजना संचालित की जा रही है। संचालनालय के आदेश क्रमांक / जै.खे.मि. / 05/ यो.दि.नि./ 2022-23/374 रायपुर, दिनांक 09/12/2022 के अनुसार सरल क्रमांक 04 पर उल्लेखित वस्तुएं जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रदाय किया जाना स्पष्ट रूप से उल्लेख है। उक्त आदेश में बैटरी कम हैंड ऑपरेटेड स्पेयर दिया जाना कहीं भी उल्लेखित नहीं है। इसके बावजूद उप संचालक कृषि जिला महासमुंद द्वारा बैटरी कम हैंड ऑपरेटेड स्पेयर अपने चहेते व्यापारियों से नियम विरूद्ध खरीदी की गई। तथा क्रय किए स्पेशयर को मैदानी अमलों पर दबाव बनाकर किसानों को वितरण हेतु मजबूर किया जा रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि उप संचालक कृषि, महासमुंद द्वारा जैविक खेती योजनांतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद से स्पष्ट अनुशंसा नहीं ली गई है। भ्रामक जानकारी देकर दिशा-निर्देशों को उल्लेखित न कर अनुशंसा प्राप्त की गई है, जो उचित एवं मान्य नहीं है। जैविक खेती में संलग्न कृषकों के मांग अनुरूप सामग्री की आपूर्ति ना कर केवल एक ही वस्तु बैटरी कम हैंड ऑपरेटेड स्पेयर खरीदी में ही संपूर्ण आबंटन को खर्च किया गया है। जो संचालनालय के आदेश के सरल क्रमांक 04 का खुला उल्लंघन है। साथ ही साथ दिशा-निर्देश के अनुरूप प्रावधानित 20 प्रतिशत शिथिलता का पालन न करते हुये मनमाने तरीके से चहेते व्यापारियों से वस्तु क्रय कर तत्काल भुगतान किया गया है। परिणाम स्वरूप किसानों को योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पाया।

### कृषक उपकरण लेने से कर रहे परहेज

श्री चंद्राकर ने बताया कि उपरोक्त अधिकारी द्वारा जैविक खेती हेतु प्राप्त संचालनालयीन आदेश का खुला उल्लंघन करते हुए 450 नग बैटरी कम हैंड ऑपरेटेड स्पेयर जो प्रावधानित न होने के बाद भी क्रय कर कार्यालय में भण्डारण किया गया। जिसमें अभी तक केवल 120 नग का ही वितरण किया गया है। जिसे कृषक लेने से परहेज कर रहे हैं। अधिकारी द्वारा संचालनालय एवं छग शासन के आदेशों एवं दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर चहेते व्यापारियों को लाभ पहुंचाकर स्वयं अवैध रूप से लाभ अर्जित कर शासन को करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचायी गई है, जो जांच कराए जाने से स्पष्ट हो जाएगा। चंद्राकर ने जाँच कर कठोर कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया है।




# महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उपाध्याय प्रवरगण परम पूज्य आध्यात्मयोगी महेंद्रसागर जी मसा एवं युवामनीषी मनीषसागर जी मसा के सुशिष्य परम पूज्य विशुद्धसागर जी मसा आदि ठाना-2 की पावन निश्रा में चैत्र सुदी तेरस के दिन भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर सकल जैन श्री संघ ने गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली। गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा परमात्मा के रथ को लेकर जैन मंदिर गांधी चौक से नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण किया। जैन मंदिर पहुँच कर परमात्मा को बधाने के बाद चैत्यवंदन के पश्चात नवपद जी की पूजा की गई।



शोभायात्रा को रास्ते में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सर्व हिंदू समाज से देवेंद्र दुबे, भरत साहू, अग्रज शर्मा, धीरज सिन्हा, उत्तम वर्मा, आर एस चंद्राकर, मनीष शर्मा, आलोक दुबे आदि सदस्यों ने परमात्मा के सामने गवली करके वंदना किए। शोभायात्रा में जैन समाज के पुरुष, महिलायें, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में जैन समाज की मंडलों के लिए भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमे अनेक मंडलों ने भाग लिया और शोभायात्रा में भजनों की गूंज बिखेर दी। नेहरू चौक में श्री स्वरूपचंद जी गुमान जी अभय जी लूनिया परिवार की तरफ़ से बूंदी सेव प्रसादी के रूप में बांटी गई। शोभायात्रा के बाद श्री शांतिनाथ भवन में स्थानकवासी वर्धमान जैन श्री संघ की तरफ़ से स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था रखी गई थी। साथ ही वर्धमान ग्रुप द्वारा गांधी चौक में भंडारा रखा गया था। महावीर जन्मकल्याणक के सुअवसर पर महावीर इंटरनेशनल ने आश्रम परिसर में भक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस अवसर पर जैन श्री संघ द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी जैन श्री संघ के सचिव रितेश गोलछा ने प्रदान की।

## महावीर जयंती पर जैन समाज के युवाओं ने किया छाछ वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भगवान महावीर जन्म कल्याणक के सुअवसर पर सकल जैन संघ के तत्वावधान में समाज के युवाओं का ग्रुप महावीर यूथ फाउंडेशन द्वारा इस भीषण गर्मी में शहर के नेहरू चौक में छाछ वितरण का आयोजन किया गया। भगवान महावीर के मूल मंत्र जियो और जीने दो एवं सर्व धर्म समभाव की भावना को लेकर इस छाछ वितरण का आयोजन किया गया था। लगभग 4000 लोगो ने इस भीषण गर्मी में छाछ का मजा उठाया, जैन समाज के लोगों ने हर किसी को चाहे वो पैदल हो, गाड़ी में, बस में, कार में खुद छाछ उन तक पहुचाया, सदस्यों ने छाछ वितरण के साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखते हुए आयोजन स्थल पर कूड़ादान रखकर सभी से कचरा उसमें डालने की अपील भी की। इस आयोजन में मुख्य रूप से सौरभ मालू, श्रेयांश कोटड़िया, तन्मय लूनिया, वैभव बोथरा, शुभम चोपड़ा, जिनेश मालू, यशराज लूनिया, हर्षित बोथरा एवं नमन चोपड़ा का महत्वपूर्ण योगदान था।

विधायक अजय चन्द्राकर के प्रयास से डेयरी उद्योग के लिए 2.94 करोड़ स्वीकृत

# अब दुग्ध व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



कुरुद क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर के प्रयास से छत्तीसगढ़ के अनुपूरक बजट 2024-25 के तहत डेयरी उद्योग को मजबूती देने के लिए सरकार ने 2 करोड़ 94 लाख रुपये की स्वीकृति दी है।

इस राशि का उपयोग कुरुद में नवीन दुग्ध शीतलीकरण केंद्र, मिल्क कूलर यूनिट, मिल्क टैंकर और अन्य जरूरी अधोसंरचना के विकास में किया जाएगा। इससे न सिर्फ दूध व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। इस कदम से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि कुरुद विधानसभा आत्मनिर्भरता की ओर भी तेजी से बढ़ेगा।

गौरतलब है कि विधायक चन्द्राकर पहले से ही क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा शुरू की गई



योजनाओं के चलते क्षेत्र के सैकड़ों लोग अब मछली पालन, मुर्गी पालन, बढाई, राजमिस्त्री, इलेक्ट्रॉनिक मरम्मत, प्लंबिंग, पेंटिंग और दुग्ध उत्पादन जैसे कार्यों से जुड़कर जीवाकापार्जन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक की सक्रियता और दूरदर्शिता के कारण ही क्षेत्र में विकास की गति बनी हुई है। डेयरी उद्योग को मिली यह सौगात किसानों और पशुपालकों के लिए एक बड़ा सहारा साबित होगी।

# उपेंद्र कुमार साहू को उत्कृष्ट प्रधानपाठक का मिला सम्मान



■ डीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव के प्रधानपाठक उपेंद्र कुमार साहू को डीईओ टीआर जगदल्ले ने उत्कृष्ट प्रधानपाठक सम्मान से नवाजा। उन्हें यह सम्मान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी में दिया गया। ज्ञात हो कि यह सम्मान विशेष रचनात्मक एवं अकादमिक प्रयास के लिए दिया जाता है। प्रधानपाठक श्री साहू द्वारा शाला के बहुमुखी विकास हेतु हरसंभव प्रयास किया गया है। शाला में हरियाली लाने पेड़ पौधे रोपना, सुरक्षा हेतु सीसी कैमरा लगाना, डिजिटलीकरण में टीवी, आरो मशीन लगाए। प्रिंटर पालकों से लगातार संपर्क कर शाला में भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए। वे ग्राम बुड़ेनी के निवासी हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान प्राप्त करते समय उनकी पत्नी श्रीमती सरिता साहू शिक्षिका माध्यमिक शाला हसदा नं.1, श्रीमती प्रांजलि तिवारी सहायक शिक्षक नवागांव बु ,कोमल सिंह साहू राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानपाठक, गणेश राम साहू शिक्षक माध्यमिक शाला नवागांव बु उपस्थित थे। उपेंद्र कुमार को सम्मान मिलने पर बीईओ एमके ध्रुव, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक तामेश्वर ठाकुर, संकुल प्राचार्य राजेश पाटकर, मोहन ज्योति साहू, संकुल समन्वयक रूपेश कुमार सोनी एवं संकुल के सभी शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सरपंच व पंच तथा मित्रों ने हर्ष जताया है।

# गर्मी में अब राहगीरों को पानी के लिए नहीं भटकना होगा

■ वार्ड क्रमांक 11 महावीर वार्ड में सार्वजनिक वाटर कूलर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

महावीर जयंती पर नगर के वार्ड क्र. 11 महावीर वार्ड में एसडीओपी कार्यालय के बगल में नगर पंचायत नगरी द्वारा सार्वजनिक वाटर कूलर की शुरूआत की गई। वाटर कूलर का उद्घाटन प्रतिष्ठित व्यापारी, जैनश्री संघ के वरिष्ठ सदस्य भोमराज जैन ने किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में यह वाटर कूलर लगाया गया है। वाटर कूलर भीषण गर्मी में शीतल पेयजल के रूप में आम जन को राहत देने का काम करेगा। गर्मी के मौसम में नगर



के लोगों एवं राहगीरों को शुद्ध ठंडा पेयजल मिलेगा।

आसपास के मजदूर एवं सब्जी बेचने वाले एवं व्यवसायी इसका समुचित लाभ ले सकेंगे। नगर के अन्य वार्डों में भी वॉटर प्यूरीफायर सहित वाटर कूलर की स्थापना किए जाने की कार्य योजना बनाई जा रही है।

वहीं नगर के सफाई पेयजल, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की चर्चा करते हुए आम नागरिकों से नगर पंचायत का सहयोग करने की अपील की। मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, अलका साव, शंकरदेव, विनीता कोठारी, पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, नरेश पटेल, चेलेश्वरी साहू, जयंती साहू, डगेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, हरीश साहू, जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष उत्तम गोलछा, अनिल छाजेड़ समेत अन्य उपस्थित थे।

# स्काउट-गाइड ने बस स्टैंड व तहसील कार्यालय परिसर में खोला प्याऊघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भीषण गर्मी को देखते हुए भारत स्कउट्स व गाइड्स छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त टीआर जगदल्ले के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स व गाइड्स स्थानीय संघ कुरूद द्वारा बुधवार को नया बस स्टैंड और तहसील कार्यालय परिसर में शीतल प्याऊ घर खोला गया।

स्थानीय संघ के अध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि लोगों की सेवा सर्वोपरि है। गर्मी के दिनों में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना सेवा का कार्य है। स्काउट हमें सेवा करना सिखाता है।

एसडीएम नभसिंह कोसले ने स्काउट-गाइड द्वारा प्याऊ घर शुरू करने के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड




द्वारा जनहित के लिए ग्रीष्मकाल में राहगीरों के लिए प्याऊ घर खोलना एक पुनीत कार्य है। तहसीलदार दुर्गा साहू ने स्कउट्स गाइट्स के सेवा भाव की तारीफ करते हुए कहा कि स्काउट निःस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान करते हैं।

मौके पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार साहू, स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य मनेश कुमार सिंह, स्थानीय संघ कुरूद के अध्यक्ष मनीष साहू, उपाध्यक्ष राजेश पांडेय, सचिव धर्मेन्द्र साहू, संस्थागत प्रतिनिधि श्रवण साहू, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि धनंजय ठाकुर, श्यामशंकर चन्द्राकर, सुमन कोसले, टी नेताम, स्कउट्स-गाइड्स तेजेश, आकाश, खेमलाल, योगेन्द्र, मयंक,आरती, धनेश्वरी, पायल, महिमा, मानसी, जितेन्द्र आदि शामिल रहे।

# सिवनीकला में हुआ ज्योत जंवारा का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिवनीकला के शीतला मंदिर में ज्योत जंवारा स्थापित किया गया था। 41 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई थी। भक्तों ने माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए 9 दिनों तक शीतला मंदिर के पंडा कांशी तारक, लोमश साहू सहित ग्रामीणों ने माता की सेवा की। पश्चात ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। प्रसादी बांटा गया। विसर्जन के दौरान सुरेश तारक ग्राम पटेला, दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, कांशी साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष तेजराम साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, लकेश, सौरभ, त्रिलोचन, बिट्टू, संजय, कपिल, विरेंद्र, दिलीप, बीजू, पुरुषोत्तम, सुरेश, खिलावन, निर्मल, कुंजीलाल, फेंकू, राजकुमार, सुरेश, राधे, बोधन, बलदेव, तामेश्वर, गुहलेर, द्वारिका, गैंद, टीकम, जितेंद्र, मुरहा, भोजराम, तोषण, चंद्रकुमार, जयपाल, पीलीबाई, मंजु, ग्वालिन, सरोजनी, धनेश्वरी मौजूद रहे।

# सरपंच व वार्ड पंचों ने लिया कुपोषित बच्चों को गोद



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

महिला बाल विकास विभाग नगरी द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक विशेष पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत दुगली अंतर्गत आने वाला आंगनबाड़ी केंद्रों के कुपोषित बच्चों को सरपंच एवं वार्ड पंचों ने गोद लिया। सरपंच रामेश्वर मरकाम, उपसरपंच चंद्रभान नेताम, वार्ड पंच वरूण देव नेताम, हरीश परते, सुमित्रा बाई, अनिल कुमार नेताम, नरेंद्र कुमार ने यह जिम्मेदारी उठाई। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विद्या बाई नेताम, भोज सोनवानी, शिवा नेताम मौजूद थे।

देवकोट में भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

# भक्ति ईश्वर प्राप्ति का सबसे सुगम मार्ग है : सूर्यभान

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

भक्ति ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल और सुगम मार्ग है। ईश्वर प्राप्ति के समस्त साधनों में भक्ति का मार्ग अत्यंत सरल और सुगम है। उक्त विचार ग्राम देवकोट के भागवत कथा मंच से भगवताचार्य पं. सूर्यभान चौबे ने व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि भक्ति ईश्वर के प्रति परम प्रेम है। यह निष्कपट भावना है। भक्ति का आरंभ, मध्य और अंत भी प्रेम ही है। सचमुच ईश्वर के प्रति सच्ची प्रेमोन्मत्तता का होना इस मानव जीवन का सबसे बड़ा गौरव है और परम सौभाग्य भी, पर इस सौभाग्य की प्राप्ति विरले ही कर पाते हैं। व्यक्ति का मन यदि वासनाओं से भरा है, कामनाओं से भरा है तो वहां प्रेम जैसी दिव्य भावनाओं का होना कैसे संभव है।

ग्राम देवकोट में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 8 से 16 अप्रेल तक





किया गया है। दूसरे दिन कथा का श्रवण करने दुर्ग, बिलासपुर, राजिम, नारधी सहित स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। व्यासपीठ पर पं. सूर्यभान चौबे पण्डरठट्ठा मुंगेली हैं। मंगलवार को महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। महाराज ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि इस कलश यात्रा से ईश्वरीय कृपा प्राप्त होती है और कथा स्थल पर दिव्य ऊर्जा का संचार होता है। ज्ञात हो कि स्व. रामजी गजेन्द्र, स्व. सिरवन्तीन गजेन्द्र की स्मृति में परस सेवानिवृत्त शिक्षक, तेजेश्वरी, ज्ञानेश, ममता, ललित, मानसी, दीक्षा गजेन्द्र द्वारा यह आयोजन किया गया है। कथा दोपहर 1:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक जारी है। कथा सुनने गयाराम, महेंद्र, प्रभु, भारतभूषण, पुरूषोत्तम, कृष्ण, प्रवीण, महेश, सरपंच पद्मा निषाद, पूर्व सरपंच रामाधार साहू, अनुसुइया साहू, मोतीराम निषाद, ओमप्रकाश साहू, रमाकांत साहू, भागीरथी सिन्हा राजिम, वेदराम, रामजी सिन्हा, प्रशान्त, विभा, सीमा समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## होगा समस्याओं का समाधान, पूरी होंगी मांगें

**धमतरी।** सुशासन तिहार को लेकर लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर भरोसा जताया है। लोगों का कहना है कि इस सुशासन तिहार से समस्याओं का समाधान होगा, वहीं मांगें भी पूरी होंगी। साथ ही शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी बातें रखने का मौका भी मिलेगा। जिले में सुशासन तिहार को पहले दिन से ही अच्छा प्रतिसाद मिलने लगा है। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों और नगर निमगों में रखे समाधान पेटी में लोग आकर अपनी मांग, समस्या और शिकायत संबंधी आवेदन डालते नजर आये। जिले में पहले ही दिन दो हजार नौ सौ आवेदन समाधान पेटियों में डाले गए। कलेक्टोरेट में लगी समाधान पेटी में लाल बगीचा वार्ड से आये झाडूराम मंडावी ने पैतृक जमीन के विवाद संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है।

## अंचल की खबरें

### खर्रा में अखंड रामायण पाठ शुरू



**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल तक किया गया है। 10 अप्रैल को नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही हनुमंत श्रृंगार पश्चात संगठन के लोगों एवं ग्रामीणों द्वारा अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। 11 अप्रैल शुक्रवार को गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर कुरूद विधायक होंगे। अध्यक्षता केशरी ओमप्रकाश ध्रुव करेंगी। हनुमान जन्मोत्सव के दिन हवन पूजन के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन हेतु जय मारादेव मारिया पूरन जस झांकी परिवार, पचपेड़ी धमतरी की प्रस्तुति होगी।

### भाजपा का हुआ सक्रिय सदस्य सम्मेलन



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर कुकरेल मंडल के बनरौद रेस्ट हाऊस में सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शशि पवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष नगरी मोहन नाहटा, जनपद अध्यक्ष नगरी महेश गोटा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुकरेल टेलेश्वर ठाकुर, कुकरेल मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य कुकरेल चंद्रकला साहू, मंडल महामंत्री अजय यादव, पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्यामाचरण मंडावी, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र ध्रुव, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम, वरूण देव नेताम, भोज राज सोनवानी, चम्मन लाल सोरी, अखिलेश प्रजापति उपस्थित थे।

### शिविर में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं



**नगरी।** ग्राम पंचायत आमली में सुशासन तिहार मनाया गया। शिविर को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता रही। इस अवसर पर सरपंच हिरौंदी बाई ध्रुव, उपसरपंच जीत भारद्वाज समेत वार्ड पंच उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में कई ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी।

### विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र वितरित



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव में शिक्षा सत्र 2024-2025 अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा हेल्थ केयर का पाठ्यक्रम संचालित हैं जहां कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलरगांव में इंटर्नशिप कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेके नाग व श्री राजवाड़े एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संपन्न किया गया। संस्था प्रमुख आरके देवांगन, एनसी सोम, एसके नेताम, उमेश कुमार नाग, श्रीमती डीएन कश्यप, केएल साहू, जेएस नेताम, एमएन साहू, श्रीमती बी साहू, वीके कोसरिया, टीआर साहू, भारती मालेकर, चेतन उंद्रे ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र का वितरण किया।

### आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है : भीमदेव



■ कोर्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत कोर्रा में भाजपा का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व जिला उपाध्यक्ष भीमदेव साहू के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भीमदेव साहू ने कहा कि आज भाजपा अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। ग्राम पंचायत कोर्रा का सरपंच बनना इसका स्पष्ट उदाहरण है। फल बेचने वाली आज सरपंच की कुर्सी पर विराजमान है। पूर्व जनपद सदस्य रोशन साहू ने कहा कि हम सभी भाग्यशाली हैं कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य हैं। मौके पर यमुना कामड़े सरपंच, जगदीश्वर शर्मा विधायक प्रतिनिधि, मोहन सेन, कौशल साहू, बंशीलाल साहू, चंद्रहास कामड़े, मधुकर कामड़े, ईश्वर साहू, भगवानी साहू, जीवन साहू, कुमारी यादव, ख़ोमिन साहू, रोहिता साहू, पुष्पा साहू, माधुरी देवांगन, नीतू साहू साहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने के कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद ।** सुशासन तिहार-2025 में सौंपे गए दायित्वों का पालन नहीं करने के संबंध में सहायक ग्रेड 02 राजेश प्रधान घुंचापालीकला, (बागबाहरा) को अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने जारी नोटिस में कहा गया है कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन 08 अप्रैल 2025 से किया गया है। जिसके प्रथम चरण में 08 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक आमजनों से मांग/ शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु आपकी ड्यूटी ग्राम पंचायत घूंचापालीकला में लगाई गई है। 08 अप्रैल को क्लस्टर प्रभारी द्वारा भ्रमण के दौरान वे अनुपस्थित पाये गये एवं रोजगार सहायक द्वारा आपके अनुपस्थिति के संबंध में पुष्टि की गई। आपका यह कृत्य उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का प्रतीक और सिविल सेवा आचरण नियम 1965 (3) (1) के विपरीत है। प्रधान को अपना जवाब तीन कार्यालयीन दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। अनुविभागीय अधिकारी, बागबाहरा उमेश साहू ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी सुशासन तिहार में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन भली भांति और जिम्मेदारी पूर्वक करना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार कारवाई की जाएगी।

## समस्या : सुशासन तिहार में उमड़ा जनसैलाब

# पिथौरा ब्लॉक में दो दिनों में 6996 आवेदन प्राप्त हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार में आम जनता की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। शासन की योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुंचाने और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मंशा से आयोजित इस अभियान ने पिथौरा विकासखंड में उत्साह का माहौल बना दिया है। जनपद पंचायत पिथौरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रप्रकाश मनहर ने जानकारी दी कि सुशासन तिहार के पहले दो दिनों में कुल 6996 आवेदन




प्राप्त हुए हैं। इनमें से 6809 आवेदन मांग से संबंधित हैं, जबकि 187 आवेदन शिकायतों से जुड़े हुए हैं। इन आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सर्वाधिक मांगें आई हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण अंचलों में अभी भी आवास की ज़रूरतें प्राथमिकता में बनी हुई हैं। गौरतलब है कि सुशासन तिहार 11 अप्रैल तक चलेगा।

शासन स्तर पर प्राप्त आवेदनों के शीघ्र एवं प्रभावी निपटारे के निर्देश भी जारी किए गए हैं। सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने वाली इस पहल को ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह आयोजन जनहित के कार्यों को गति देने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

# मानस गान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष, रंगमंच का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नगर के पिटियाझर वार्ड क्रमांक 23 में मानस गान सम्मेलन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा कर समस्त क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण भी किया। रंगमंच लोकार्पण अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि रंगमंच निर्माण होने से सांस्कृतिक व सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए अब सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सहित विकास कार्यों को प्रमुखता से कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद भारती राजू चंद्राकर, पार्षद कमला सूर्यवंशी, मानस गान आयोजन समिति के राजेंद्र चंद्राकर, लेखराम साहू, नारायण साहू, यशवंत घाड़गे, प्रीतम चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, मनिहार यादव, मनीराम साहू, किसन साहू, अरविंद प्रहरे, दिनेश घड़गे आदि उपस्थित रहे।



**बागबाहरा।** बुधवार को वार्ड 3 में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें पौष्टिक आहार के साथ रेडी टू ईट की गुणवत्ता पर चर्चा की गई। जिसका उद्देश्य सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण को जड़ से मिटाना है। जिसमें किशोरी, बालिकाओं, गर्भवती, शिशुवती व छह माह से 3 वर्ष की माता उपस्थित थे। स्तन पान कराने वाली माताओं को पोषण जागरूक कराया गया। जिसमें वार्ड के हितग्राहियों का सहयोग रहा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जया ठाकुर उपस्थित रही।

# एनडीआरएफ की टीम ने किया सेजेस में राहत और बचाव कार्य का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोमाखान में संकुल लुकुपाली के प्राथमिक, मिडिल और सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं को आपदा प्रबंधन के विभिन्न विषयों के बारे में बताया गया, जैसे सर्पदंश, बाढ़, आगजनी दुर्घटना, एक्सीडेंट सीपीआर, श्वास नली रोक को दूर करना, आपात एवं गैर आपातकालीन स्थिति में हलचल करने के तरीकों के बारे में बताया। एनडीआरएफ टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप सिंह और उनके सहयोगी असदीप त्रिपाठी, संजय बाघ, संतोष कुमार साहू,



शेरसिंह मीना ने सभी के समक्ष प्रदर्शन कर आपातकालीन स्थिति से समाधान निकाले जाने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम डिप्टी कमांडेंट प्रभारी आरआरसी भिलाई पवन जोशी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय, महाविद्यालय के 110 छात्र, शिक्षकीय स्टाफ 40, पालक 10 लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष हिरेंद्र उपाध्याय, नितिन जैन, नरेंद्र पटेल और विद्यालय के स्टाफ में प्राचार्य हीरासिंग नायक, रवींद्र राज सिंह ठाकुर, देवानंद वेदव्यास, हरीश चौहान और स्टाफ मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय अखंड रामायण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 10 अप्रैल को स्वर संगम मानस मंडली एवं रामदुला मानस मंडली एवं जय मां चितावर मानस मंडली एवं बाल गोपाल मानस मंडली एवं तुलसी के राम मानस मंडली एवं सीताराम मानस मंडली के टीकाकार ने टीका बताया हुए कहा कि वन में रामजी का हनुमान से मिलन हुए। रामचरित मानस के चतुर्थ सोपान किष्किंधाकांड में वनवास के दौरान दंडकारण्य वन में असुरों का नाश करते हुए भगवान पंपासर की ओर प्रस्थान करते हैं।

सीता की खोज में राम ऋष्यमूक पर्वत की ओर बढ़ते हैं। यहां राम-हनुमान मिलन, सुग्रीव-रामजी की मित्रता, बाली का उद्धार, सीता की खोज में वानरों का विभिन्न दिशाओं में प्रस्थान का विवरण आता है।



इसके बाद समुद्र लांघकर सीता का पता लगाने के लिए जामवंत द्वारा हनुमान को उनका बल याद दिलाया जाता है। वन में रामजी जब सीता मां की खोज में घूम रहे थे तो उनकी मुलाकात हनुमानजी से हो गई। अपने प्रभु से मिलकर गदगद हुए हनुमान ने उनकी दोस्ती सुग्रीव से करा दी।

पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन में अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, ज्ञानीक यादव, लता चंद्राकर, कलिंदरी चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आज मंच संचालक चमन मानिकपुरी आदि जुटे हुए है।

### श्याम स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/उमा विद्यालय/ श्याम इंग्लिश मिडियम स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों एवं पूर्व प्रवेशित विद्यार्थियों को गुलाल, तिलक, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक हेमंत चद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर प्राचार्य तेजबहादुर सिंह प्रधानाचार्य मीना राजपूत एंव शिक्षकगण कोमल देवांगन, अमित लामा, महेश्वरी साहू, सीमा ध्रुव, योगिता चौहन, ऐश्वर्या साहू, योगिता यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी मीना राजपूत ने दी।

# दो राज्यों के पेंशनर और कुष्ठ कर्मचारियों का सम्मेलन डोंगरगढ़ में 12 व 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पेंशनर और सेवारत कुष्ठ कर्मचारियों का दो दिवसीय संयुक्त सम्मेलन, मिलन समारोह छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक नगरी और मां बम्लेश्वरी देवी के पावन धरा डोंगरगढ़ के होटल केसरी नंदन में 12 एवं 13 अप्रैल होगा। इस आयोजित सम्मेलन में दोनों राज्यों से लगभग 250 से 300 पेंशनर और कर्मचारी अधिकारी शामिल होंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य प्रमोद तिवारी (महासमुंद) ने बताया कि छग प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सही जिले के प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को अतिथि के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन समारोह में छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के सभी जिलों से कुष्ठ विभाग के पेंशनर और सेवारत कर्मचारी अधिकारी भाग लेने पहुंचेंगे। यह सम्मेलन 40 वर्ष पश्चात हो रहा है। कुष्ठ कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश का प्रथम बार समारोह 14 अक्टूबर 1984 को आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का संयुक्त सम्मेलन समारोह 12 एवं 13 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जा रहा है इस आयोजन के दौरान दोनों राज्यों के पेंशनर, और सेवारत कर्मचारी अधिकारियों का आपसी मिलन ,कुशल क्षेम, व संवेदनात्मक पहलुओं पर चर्चा होने और साथ ही दोनों राज्यों में कुष्ठ रोग के उन्मूलन, विकृति निवारण के लिए वर्तमान आधुनिक सरलतम तरीकों पर भी चर्चा की जावेगी। और कुष्ठ रोगियों की सेवा में लगे कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। सभी समस्याओं का निराकरण के लिए शासन स्तर पर किए गए और किए जाने वाले प्रयासों के बारे में निर्णय लिए जाएंगे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश से आरडी गर्ग, अशोक सिंह, विजय परसाई, घनश्याम चौधरी सही लगभग 100सदस्य इस सम्मेलन में पहुंचेंगे। आयोजन समिति के संयोजक आर के थवाईत एवं प्रमोद तिवारी, नेहरू शर्मा, सीके गायकवाड़, विद्याभूषण दुबे, संतोष चौहान, चितरंजन शाहा, रामलखन साहू, अविनाश शर्मा, जयंती पटेल, एचएन साहू ने दोनों राज्य के पेंशनर एवं सेवारत कुष्ठ कर्मचारी अधिकारियों शामिल होने की अपील की है।

## पेयजल जल संकट, नपाध्यक्ष को किया कनेक्शन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिला मुख्यालय से महज 6 किमी दूर समीपस्थ गांव बेलसोंडा में जलसंकट से लोग बहुत जूझ रहे हैं। इस भीषण लोगों को पीने की पानी का भीषण समस्या है। समस्या को देखते हुए महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को पत्र सौंपकर मांग करते हुए कहा है कि महानदी जल आवर्धन योजना के तहत ग्राम बेलसोंडा के रहवासियों के लिए भी पानी की व्यवस्था कराई जाए।

### सेजेस सांकरा के मीडिया विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण



**सांकरा।** सेजेस सांकरा (जोंक) के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के मीडिया एवं इंटरटेनमेंट के 71 विद्यार्थियों को आईसीटी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का प्रमाण पत्र वितरण जिला शिक्षाधिकारी मोहन राव सामंत, सहायक डीईओ नंद कुमार सिन्हा, संस्था के प्राचार्य दीपक देवांगन द्वारा संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एसडी भोई, टीडी कुमार, एमआर सिदार, एसके पटेल एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्र-छात्राएं एवं उनकी मीडिया प्रशिक्षक मंगला देवी साहू एवं हेल्थ केयर प्रशिक्षक कुमारी अलका साहू उपस्थित रहे।

## नपाउपाध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

सुशासन तिहार उत्सव 2025 के तीसरे दिन नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने लोगों की समस्याओं के साथ लिया। समस्याओं को लेकर शहर के लोग जागरूक है। प्रतिदिन 50 से अधिक आवेदन पालिका में जमा हो रहे है। लेकिन, आवेदन का निराकरण नगर पालिका के अधिकारियों को इमानदारी से करने की जरूरत है। राज्य की साय सरकार अलग से मानिटरिंग करा रही है। सरकार गंभीर है, आवेदनों के निपटारा के लिए 11 अप्रैल के बाद समस्याओं के निराकरण के साथ 5 मई से वार्डों में पहुंचकर समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान हनीष बग्गा, रोशन बग्गा, शरद राव मराठा, गौरव राठी, गुलशन राठी, सिद्धार्थ साहू उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडु (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

नैनं छिन्दति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूत ::
आज दशगात्र



स्व. फुलूबाई ध्रुव जी
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि **श्रीमती फुलूबाई ध्रुव** का स्वर्गवास दिनांक 07.04.2025 दिन सोमवार को हो गया है। अतः आप सपरिवार पधारकर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि एवं शांति प्रदान करने की कृपा करें।
कार्यक्रम
11.04.2025, शुक्रवार,
समय-दोपहर 1.00 बजे से
: कार्यक्रम स्थल :
जैन सूरी भवन, थानापारा
जैन मंदिर के पास बागबाहरा
-शोकाकुल परिवार-
चुनगू, सुमन ध्रुव,
संगेश्वरी ध्रुव मेघा, मयंक, टीना, नैतिक
-विनीत-
श्रीमती पुष्पा ध्रुव (बहू)
सुश्री डिम्पल ध्रुव (डॉली) (पौत्री)
भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष, बागबाहरा
जिलाध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज महिला प्रकोष्ठ
विरेन्द्र कुमार ध्रुव (पौत्र)
नोट:- जिस किसी सज्जन को सूचना न मिल पाया हो कृपया इसे ही स्वीकार करें...